भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 34
उत्तर देने की तारीख 29.01.2026

हैदराबाद में निजाम के आभूषणों का प्रदर्शन

34. **श्री एस. निरंजन रेड्डी :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वर्ष 1995 से भारतीय रिज़र्व बैंक की तिजोरियों में निजाम के 173 विशिष्ट रत्न सुरक्षित रखे गए हैं;
(ख) क्या सरकार, हैदराबाद के लोगों और शहर की सांस्कृतिक धरोहर के लिए निजाम के रत्नों के गहन सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व तथा लंबे समय से चली आ रही इस जन भावना को स्वीकार करती है कि इन कलाकृतियों का प्रदर्शन उनके मूल नगर हैदराबाद में होना चाहिए;
(ग) क्या सरकार इस संग्रह को हैदराबाद में स्थायी सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए स्थानांतरित करने की योजना बना रही है; और
(घ) यदि हाँ, तो योजना का ब्यौरा और उक्त स्थानांतरण के पूर्ण होने की निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): जी, हां।

(ख): संस्कृति मंत्रालय निजाम के रत्नों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और विरासत संबंधी महत्व के साथ-साथ इन कलाकृतियों से संबद्ध जन रुचि को स्वीकार करता है।

(ग) और (घ): सुरक्षा, बीमा और संरक्षण के संबंध में विचार करने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ मौजूदा समझौता ज्ञापन के अनुसार, ये आभूषण भारतीय रिजर्व बैंक में उच्च-मूल्य, उच्च-सुरक्षा वाली अभिरक्षण व्यवस्था में रखे गए हैं। तथापि, इस संग्रह को हैदराबाद में स्थायी सार्वजनिक प्रदर्शनी हेतु स्थानांतरित करने का वर्तमान में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

****